नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री कृषि स्टार्टअप्स एवं कृषि सम्मेलन का वेबटेलीकास्ट

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉ.सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय महू, रीवा, जबलपुर एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य अंगीकृत ग्राम घुघरी एवं ग्राम घाना, कैलवास, सिलुआ, पड़रिया आदि के पशुपालकों को भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली में दो दिवसीय 17-18 अक्टूबर 2022 को आयोजित प्रधानमंत्री कृषि स्टार्टअप्स एवं कृषि सम्मेलन के वेबटेलीकास्ट मैं किसानों को एकीकृत कर उन्हे कृषि स्टार्टअप्स से सम्बंधित नवाचार एवं जानकारियों से अवगत कराया गया नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप मध्यप्रदेश में कृष क समुदाय के मध्य स्टार्टअप्स के अपार संभावनायों को देखते हुये गोद लिये गये ग्रामों के पशुपालकों को सम्मिलित कर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कुल 85 किसान,

पशुपालक सम्मिलित एवं कार्यक्रम से लाभित हुये, इस कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन प्रसार शिक्षा निदेशालय डॉ. सुनील नायक एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व एवं वैज्ञानिकों डॉ. रुचि सिंह, डॉ. हरी आर, डॉ.राजकुमार पटेल एवं श्री देवेश उपाध्याय जी की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। साथ ही श्री विजय चौकसे, आशीष यादव क्षेत्र सहायक एवं ग्रामीण समुदाय का सहयोग एवं उनकी उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर